Mangal Sampark
मङ्गल सम्पर्क
मङ्गलायतन विश्वविद्यालय
॥ विश्वं ज्ञाने प्रतिष्ठितम् ॥
NAAC GRADE A+ Accredited University
Edition : March 2024
pro@mangalayatan.edu.in
www.mangalayatan.in
MANGALAYATAN UNIVERSITY NEWS LETTER BY PR UNIT

# स्टार नाइट में सैटरडे सैटरडे व काला चश्मा पर झूमे छात्र

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों पर चला इंदीप बक्शी की आवाज का जादू

बारिश की हल्की बूंदों की बौछार और ठंडी हवाओं के बीच मंगलायतन विश्वविद्यालय मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठा। गानों की धुन पर झूमते छात्र–छात्राएं इन लम्हों को अपने मोबाइल में भी कैद करने से नहीं रोक सके। विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह अवसर था विश्वविद्यालय में आयोजित स्टार नाइट का। जिसमें गायक इंदीप बख्शी ने अपनी आवाज के जादू से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इंदीप बख्शी का विश्वविद्यालय में आगमन हुआ। प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत ने इंदीप बख्शी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विश्वविद्यालय परिसर में कीर्ति स्तंभ के सामने तैयार कार्यक्रम स्थल अति उत्साहित छात्र–छात्राओं से खचा खच भरा हुआ था। विद्यार्थी स्टार नाइट में शामिल होने के लिए पहले से ही काफी उत्साहित थे। रात बढ़ते ही माहौल खुशनुमा हो गया, जब डीजे व संगीत

atharva
SPORTS AND CULTURAL FEST

की धुन शुरू हुए तो सभी नाचने लगे और आनंदमय रंगीनी में भाग लेने लगे। कुड़ी सैटरडे सैटरडे करदी से इंदीप ने अपनी आवाज का जादू बिखरेना शुरू किया तो छात्रों के साथ हर एक व्यक्ति झूम उठा। इसके बाद काला चश्मा से समां बांध दिया। गीत की स्वर लहरी के प्रत्येक शब्द के साथ छात्र–छात्रा मस्ती में झूमते नजर आए। वहीं इससे पहले विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी धमाकेदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा, प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### पहले अपना करियर बनाए युवा : इंदीप

युवा अपना शौक और प्रोफेशन को अलग–अलग रखें। युवा जो पढ़ाई कर रहे हैं पहले उसे पूरा करें और अपना करियर बनाए। जब करियर सुरक्षित होगा तो आपको शौक पूरे करने से कोई नहीं रोक सकता। यह बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय में स्टार नाइट में पधारे गायक इंदीप बख्शी ने मीडिया से भी रूबरू होते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने अपने नए एल्बम पतलो की जानकारी भी साझा करते हुए बताया कि यह एलबम उनके प्रशंसकों को काफी पसंद आएगा। एलबम इंटरटेनमेंट से भरा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि मंगलायतन विश्वविद्यालय ने उन्हें बहुत प्यार दिया है। इसे वह कभी नहीं भूल सकते। इस अवसर पर कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत आदि थे।

# MU launches 5 crore scholarship for girls' education

On March 1, 2024, Mangalyatan University unveiled a groundbreaking initiative aimed at providing free education to 350 disadvantaged female students. The university has earmarked approximately Rs 5 crore for this endeavor. Additionally, recognizing the demand, the university will introduce two new courses, namely B.Sc Forensic Science and B.Sc Fire and Safety, starting from the upcoming academic session, with the accreditation process already underway.

Furthermore, to foster opportunities for both its students and the local youth, a job fair is scheduled for March 5, while plans for a book fair are also in the pipeline.

These announcements were made by Prof. PK Dashora, the Vice Chancellor of Mangalayatan University, during a press conference. Prof. Dashora emphasized the importance of holistic education, highlighting the integral role of sports and




cultural activities in student development. To this end, the university hosts an annual festival, "Atharva," encompassing both sports events, under the banner of "Colosseum," and cultural festivities. He noted that participation in such events not only enriches students' cultural experiences but also prepares them for national and international competitions. Indeed, Atharva has become synonymous with cultural and athletic advancement for students at Mangalayatan University.

# रोजगार मेले में 262 विद्यार्थियों का हुआ चयन

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन

मंगलायतन विश्वविद्यालय व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों से पहुंचे 422 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। मेले में मेडिकल, इंजीनियरिंग, कृषि आदि से संबंधित 24 संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। संस्थानों के अधिकारियों ने साक्षात्कार के आधार पर 262 विद्यार्थियों का चयन किया।

रोजगार मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने फीता काटकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी के लिए निश्चित रूप से यह बेहतर अवसर आया है। यहां आई सभी संस्थाओं की अपनी विशेषता है। आप अपनी रुचि व महत्वाकांक्षा के अनुसार प्राथमिकता तय करके साक्षात्कार के लिए प्रस्तुत हो। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार में अपनी क्षमताओं को बेहतर तरीके से प्रकट करें। सेवा योजना के सहायक निदेशक चंद्रचूर्ण दुबे व रोजगार अधिकारी मनोज भारती ने वृहद रोजगार मेले की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को करियर से संबंधी टिप्स दिए। संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राजपूत, प्रो. सौरभ कुमार ने विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। संयोजक प्रो. सिद्धार्थ जैन व समन्वयक डा. विपिन कुमार, रामगोपाल सिंह, नसीम, सुजीत व आशीष विमल रहे। मेले में सेवायोजन कार्यालय के योगेश शर्मा, देवेंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार, योगेश उपमन्यु का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रो. आरके शर्मा, कैप्टन लक्ष्मण सिंह, सरताज खान, डा. संतोष गौतम, डा. संजय पाल, मनीषा उपाध्याय, रोविन वर्मा आदि थे। विश्वविद्यालय द्वारा सेवा योजना व सभी कंपनियों के अधिकारियों को सम्मानित किया गया।





# शिक्षा में उद्योगपरक पाठ्यक्रमों को शामिल करना है अनिवार्य

मंगलायतन विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग, स्कूल ऑफ फार्मेसी व मंगलायतन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने एमआईईटी मेरठ और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के अकादमिक विशेषज्ञों के सहयोग से भारत में फार्मेसी शिक्षा के पितामह डा. एमएल श्रॉफ की जयंती को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में फार्मा अन्वेषण के अंतर्गत उद्योगपरक फार्मा शिक्षा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डीन एकेडमिक प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दिकी एनईपी 2020 की अवधारणा से परिचित कराते हुए कहा कि डा. एमएल श्रॉफ को भारत में फार्मेसी का संस्थापक माना जाता है। उन्होंने यह गौरव अपनी उपलब्धियों के परिणामस्वरूप प्राप्त किया। डा. श्रॉफ ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में फार्मेसी पाठ्यक्रम की स्थापना की थी। प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत फार्मा शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों में फार्मा उद्योगों की भागीदारी पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि फार्मा उद्योग को सुधारने और विकसित करने के लिए शिक्षा में उद्योगपरक पाठ्यक्रमों को शामिल करना अनिवार्य है। इससे फार्मा क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान समूह चर्चा भी की गई। जिसमें डा. सुखवीर कौर, डा. आलोक शर्मा, डा. विकास, डा. पूजा चावला, डा. अनुराग, डा. धीरज चोपड़ा ने ऑनलाइन माध्यम से चर्चा की। पैनल चर्चा फार्मेसी पाठ्यक्रम में बदलाव की सिफारिशों, छात्रों के कौशल को बढ़ाने की संभावनाओं और सहयोगात्मक शोध कार्य और उसके प्रकाशन के रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। पैनल चर्चा का संचालन प्राचार्य डा. सुनील गुप्ता ने किया।

इस दौरान निबंध व प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध में आरती व प्राची, प्रश्नोत्तरी में रंजना व रितिक की टीम विजयी रही। समन्वयक प्रो. बृजेश शर्मा, प्रो. राहुल सिंह, प्रो. निशांत कटियार, प्रो. फवाद खुर्शीद, रामगोपाल सिंह, यादवेंद्र सिंह, सुजाता कुमारी, नेहा सिंह, सुशांत




# शिव भक्तों की सेवा करना पुण्य का कार्य

गंगा घाट से कावड़ में पवित्र जल लेकर भक्त अपने आराध्य देवों के देव महादेव का अभिषेक करने के लिए निकल पड़े हैं। आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर भक्त जलाभिषेक करेंगे। रास्ते में कांवड़ियों की सेवा के लिए अलीगढ़–मथुरा मार्ग पर मंगलायतन विश्वविद्यालय के शिवभक्त भी जुटे रहे। विश्वविद्यालय के द्वार पर बनाए गए कांवड़िया सेवा शिविर में भोले के भक्तों के लिए भोजन से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखा गया।

शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता ने भगवान शिव का पूजन करके किया। कुलपति ने कहा कि सनातन संस्कृति में सेवा को परम धर्म माना गया है। उसपर भी शिवरात्रि जैसे महापर्व पर शिव भक्तों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। यह पुण्य कार्य सौभाग्य से प्राप्त होता है। विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा इस शिविर को लगाने का शैक्षिक प्रभाव भी है। इससे विद्यार्थियों में सेवा धर्म की भावना का विकास होगा। इस अवसर पर प्रो. सिद्धार्थ जैन, कैप्टन लक्ष्मण सिंह, योगेश कौशिक, ललित चौधरी, वीरेंद्र अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, याशिका गुप्ता, राजुल, शंकर, चिराग बंसल के साथ विद्यार्थियों में शिवम, साहस, आरती, भव्या, नंदिनी, अजिता, कृष्णा, ज्ञानेंद्र, वरुण आदि का सहयोग रहा।

# उद्यमिता विकास एवं रोजगार सृजन हेतु किया प्रेरित

21.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य संस्थान द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव शर्मा के संयोजन में आयोजित वेबिनार का विषय ''कृषि व्यवसायों में विघटनकारी रणनीतियां रहा। मुख्य वक्ता के रूप में पौद्दार प्रबंधन संस्थान नवलगढ़ राजस्थान के डीन प्रो. अम्बरीश शर्मा रहे। मुख्य वक्ता ने वेबिनार को संबोधित करते हुए विघटनकारी रणनीतियों की प्रक्रिया, कृषि उत्पादन, विपणन एवं कृषि पर्यटन के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास एवं रोजगार सृजन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों जैसे आईओटी, डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग, वायरलेस संसर नेटवर्किंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आदि वर्तमान युग में कृषि व्यवसाय का अभिन्न अंग बन चुके हैं। इनकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता।




# मनुपात्रा लीगल ई-डेटाबेस प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



18.03.2024। अब विद्यार्थियों को कानून की जानकारी प्राप्त करने के लिए किताबों को खंगालने की आवश्यकता नहीं होगी। बस एक क्लिक में विद्यार्थी कानून की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा अब मंगलायतन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलने लगी है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय ने मनुपात्रा (कानूनी ई–डेटाबेस) की सदस्यता ली है। ऑनलाइन डेटाबेस मनुपात्रा के माध्यम से देश के सर्वोच्च न्यायालय तथा अन्य न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णय, बेयर एक्ट व ई–बुक्स डिजिटल लाइब्रेरी के जरिए उपलब्ध होंगी। सोमवार को विश्वविद्यालय पुस्तकालय व डिपार्टमेंट ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस द्वारा आईक्यूएसी व विधि विभाग के सहयोग से मनुपात्रा कानूनी ई–डेटाबेस के उपयोग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. अशोक कुमार उपाध्याय ने अतिथि का परिचय कराते हुए बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य मनुपात्रा कानूनी डेटाबेस के महत्व और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

मनुपात्रा के एरिया सेल्स मैनेजर जेबी सिंह ने मनुपात्रा के महत्व के साथ ही प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से नये कानून, उच्च न्यायालयों द्वारा अद्वितीय उद्धरण, अधिनियम आदि की जानकारी समय की बचत के साथ आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

# विधि विभाग ने मनाया विश्व उपभोक्ता दिवस

15.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च ने विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया। कार्यक्रम का विषय "उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्ष और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" था। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डा. हैदर अली ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया। विश्व उपभोक्ता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डा. हैदर अली ने कहाकि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी होती है तो उन्हें उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम सपना चौधरी, द्वितीय अर्पिता गौतम व तृतीय अंजली उपाध्याय रहीं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ ममता रानी और जितेन्द्र यादव रहे।



# अथर्वा उत्सव के सफल आयोजन पर हुआ प्रशंसा समारोह

16.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव अथर्वा खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव के शानदार आयोजन के उपलक्ष्य में प्रशंसा समारोह का आयोजन मुख्य सभागार में किया गया। इस दौरान उत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के समन्वयक व स्वयंसेवकों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विदित रहे कि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव अथर्वा का आयोजन 26 फरवरी से एक मार्च तक किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों के बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं स्टार नाइट में बॉलीबुड गायक इंदीप बख्शी के गीतों की सुर लहरी का लुत्फ उठाया था।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने सभी को बेहतर कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि स्वयं का अवलोकन करते हुए आगे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने अप्रैल में आयोजित होने वाले दक्ष कार्यक्रम की सफलता के लिए अभी से योजना तैयार करने का आह्वान किया। बताया कि किसी कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए योजना बनाना अति आवश्यक है। प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम ने कहा कि पांच दिवसीय आयोजन अच्छा रहा सभी सहयोगी बधाई के पात्र हैं। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने अथर्वा उत्सव पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आगे भी सभी को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहना चाहिए।







# DJMC organizes Narrowcast on Bharat SankalpYatra

On March 11, 2024, the Department of Journalism and Mass Communication at Mangalayatan University in Aligarh recently spearheaded the Bharat SankalpYatra initiative, in collaboration with Radio Narada, to raise awareness about various Government of India schemes. Abhishek Singh, the Block Community Process Manager, graced the event as the chief guest, hosted at the Nagar Panchayat office Beswan, under the guidance of Dr. Santosh Kumar Gautam, the Head of Department of Journalism and Mass Communication.




# आत्मनिर्भर भारत बनाने में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की है अहम भूमिका

11.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय "ऑटोकैड और उसका अनुप्रयोग है। छह दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को ऑटोकैड सॉफ्टवेयर की विभिन्न कमांड के साथ ही उससे डिजाइन तैयार करने की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में प्रो. महेश कुमार ने कहा कि आज के आधुनिक युग में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका है। विभाग के निदेशक डा. किशनपाल सिंह ने कहा कि एक समय था जब इंजीनियर व आर्किटेक्ट के पास विचारों को चित्रित करने का तरीका सिर्फ यही था कि वह हाथ से उसे बनाए। लेकिन आज कागज व कलम का स्थान कंप्यूटर एवं ऑटोकैड जैसे सॉफ्टवेयर ने ले लिया है।

प्रशिक्षक जयंत रोहेला ने बताया कि ऑटोकैड एक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है जो टूडी व थ्रीडी डिजाइन को आसानी से बनाने और संपादित करने में अहम भूमिका निभाता है। विभिन्न इंजीनियरिंग कंपनियों में इसका प्रयोग होता है। उनके द्वारा ऑटोकैड की विभिन्न कमांड जैसे सर्किल प्लॉट, लाइन प्लॉट आदि को ड्रॉ करने के लिए आवश्यक प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण दिया गया।





# कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं ले सकती मानव बुद्धिमत्ता का स्थान



16.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग क्षेत्र के दो प्रमुख वक्ताओं ने डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर की मदद से उद्योग 5.0 के बारे में विचार व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी भी मानव बुद्धिमता का स्थान नहीं ले सकती, क्योंकि मशीन में भावनाएं नहीं होतीं। प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम ने कहा कि इस प्रकार के अतिथि व्याख्यानों से विद्यार्थियों में ज्ञान का विकास होता है। वक्ता इं. अनुज कुमार सक्सेना ने थ्रीडी प्रिंटिंग और सीआरईओ 10.0 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही बहुराष्ट्रीय कंपनियों में जॉब प्लेसमेंट के संबंध में बताया। वक्ता इं. हेमलता भास्कर ने उद्योग में आईओटी, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ ही उद्योग क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयरों के उपयोग की जानकारी दी। सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग में भविष्य कैसे बना सकते हैं यह भी विद्यार्थियों ने जाना।

# सांस्कृतिक सद्भाव के साथ मनाया गया होली का त्यौहार








22.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय में शुक्रवार को रंगों की मस्ती के साथ फाल्गुनी छटा दिखाई दी। छात्र–छात्राएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। विश्वविद्यालय के खेल मैदान में होली के उपलक्ष्य में रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं छात्र–छात्राएं रंगोत्सव के इस महापर्व पर रंगों की मस्ती में सराबोर दिखे। बृज क्षेत्र की रंग रंगीली होली और होली गीतों के रस का समिश्रण एक विशेष उत्साह का संचार कर रहा था। विश्वविद्यालय परिवार में होली बड़े ही सांस्कृतिक सद्भाव एवं भाईचारे के साथ रंग–गुलाल लगाकर परस्पर शुभकामनाएं देकर मनाई गई। रंगों के इस त्यौहार पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है, इसे सद्भाव से मनाएं।

## PUBLICATIONS

| S.No. | Title of paper | Name of the author/s | Name of journal | ISSN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NEP 2020: A Roadmap for India's New Education Policy | Yatendra Pal, Roshni Kumari, Debaprasad Dev, Vinesh Kumar, Jai Anand Shukul | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |
| 2 | Network Literacy for Library Users | Deepmala, Ashok Kumar Upadhyay, Sweta Sharma, Shahnaaz Zabi | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |
| 3 | Nursing Beyond Borders: Global Perspective on Healthcare | Praveen Kumar Tailor, Jaya Nutan Surin, J. Rukumani, Hishey Lamu Bhutia | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 4 | Nursing in the Digital Age: Technology's Impact on Healthcare | Praveen Kumar Tailor, J. Rukumani, Hishey Lamu Bhutia, Jaya Nutan Surin | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 5 | Nursing Leadership: Guiding the Way to Quality Patient Care | Senthil T, Millo Antu, Shailza Nimmi Guria, Muna Subba | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 6 | Nursing Resilience: Thriving in a Challengin Profession | Nidhi Garg, Regina Rabello, Mihin Rinu, Muna Subba | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 7 | Parallel Robot Path Planning via Dual Fractional Order Polynomial | Dheeresh Upadhyay, Rajesh Kumar Upadhyay, Sandeep Pandey | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |
| 8 | Paramedical Training and Education: Bridging Gaps in Healthcare | Shalini Singh, Regina Kujur, Pema Wangden Bhutia, Franco Gohain | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 9 | Performance Analysis of Optical Transmitter with the Single Mode Laser | Karishma Singh, Rajesh Kumar Upadhyay, Ved Nath Jha, Nanda Shakti | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |
| 10 | Pharmacology Unveiled: A Closer Look at Medication Science | Mansi Sharma, Rahul Singh, Aditya Dev Rajora, Barun Ranjan Sarkar, Tashi Choden Lepcha | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 11 | Pharmacy Innovations: Shaping the Future of Healthcare | Sushant Kumar Sharma, Gunjan Rani, Sakshi Verma, Franco Gohain, Bhupen Subba | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 12 | Phonetics and Communication Bridging the Gap Between Speech and Understanding | Shimpi Kumari Chaturvedi1, Deepshikha Saxena2, Rana Taku3, Vineeta Kaur Saluja4, Salima Bhattarai5 | China Petroleum Processing and Petrochemical Technology | 1008-6234 |
| 13 | Postcolonial Perspectives: Global Influences in English Literature | Anuradha Yadav, Prakash Chandra Panda, Vineeta Kaur Saluja, Vipul Jain, Rana Taku | Samdarshi | 2581-3986 |
| 14 | Precision Medicine in the Lab: A Journey Through Medical Technology | Ravi Shekher, Yadvendra Singh Thenuan, Harish Kumar Singh, Deepshikha Pradhan, Sandeep Kumar | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 15 | Prescription Chronicles: A Journey Through Pharmacy | Abdul Wadood Siddiqui, Dashrath Singh, Rojalini Samanta, Ananga Mohan Das, Prana Chhetri | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 16 | Probiotics in the Safeguard and Care of CRC | Ramgopal Singh, Rupsa Seth, Abhishek Pandey, Pratikcha Rai | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |
| 17 | Production and Optimization of Astaxanthin by Phaffia rhodozyma under submerged Fermentation | Soni Singh, Rojalini Samanta, Bibhu Prasad Panda, Brishnendra Mishra, Swarnim Rai | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |

| PUBLICATIONS | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Title of paper | Name of the author/s | Name of journal | ISSN No. |
| 18 | Quantum Computing: Unleashing the Power of Superposition and Entanglement | Love Kumar, Md. Amir Khusru Akhtar, Manish Saxena, Dinesh Mishra, Vishal Khatri | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 19 | Rajya Sabha mein Manniye Sandadon dwara Rajyon ke vishay mein puchhe gaye praswhno ka Mahatyv | Narendra Singhal, Md. Tarique Anwer | Juni Khyat Journal | 2278-4632 |
| 20 | Reading Between the Lines: Subtext in English Literature | Farhana Farooqi, Mukul SK,Vineeta Kaur Saluja, Chiging Yamang, Amit Srivastav | Samdarshi | 2581-3986 |
| 21 | Retail Revolution: Emerging Technologies | Ankur Kumar Agrawal, Jai Anand Shukul, Md Saifullah Khalid, Nyarik Geyi, Vipul Jain | Samdarshi | 2581-3986 |
| 22 | Revolutionizing Diagnostics: Innovations in Medical Lab Technology | Jitendra Saraswat, Pankaj Kumar, Giogi Nania, Chamta Gurung | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 23 | Revolutions in Prose: Transformative Movements in English Fiction | Shimpi Kumari Chaturvedi, Anuradha Yadav, Vineeta Kaur Saluja, Vipul Jain, Rana Taku | Samdarshi | 2581-3986 |
| 24 | Robotic Vision: Advancements in Computer Vision for Autonomous Systems | Dheeresh Upadhyay, Devesh Kumar Upadhay, Roma Singh, Dinesh Mishra, Vishal Khatri | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 25 | Rock Solid Solutions: Geotechnical Aspects of Mining Engineering | Harit Priyadarshi, Waseem Ahmad Khan, Dilip Kumar, Meenali Modi | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 26 | Role of Tribal People of Poonch District in the Context of Sustainability | Ms. Shahein Akhter, Md. Tarique Anwer | Juni Khyat | 2278-4632 |
| 27 | Sansad ki sanrachna aur Sansad ke Uch Sadan Rajya Sabha ka Mahatyv | Narendra Sighal, Md. Tarique Anwer | Sodha-Prabha | 0974-8946 |
| 28 | Sansad ki sanrachna aur Sansad ke Uch Sadan Rajya Sabha ka Mahatyv aur Upyogita | Narendra Singhal, Md. Tarique Anwer | Sodha-Prabha | 0974-8946 |
| 29 | Scheduled Tribes of Jammu and Kashmir: Their Rights Challenges and Solutions | Ms. Shahein Akhter, Md. Tarique Anwer | Sodha-Prabha | 0974-8946 |
| 30 | Scientific Discoveries In The Age Of Artificial Intelligence | Sharmistha Roy, Rajesh Kumar Upadhyay, Ritushree Narayan, Dinesh Mishra, Sheetal Choudhary | China Petroleum Processing and Petrochemical Technology | 1008-6234 |
| 31 | Scio, Economic Background of Tripura | Prasenjit Ghosh & Shagufta Praveen | Anvesak | 0378-4568 |
| 32 | Seeding Sustainability: Innovative Practices in Modern Agriculture | Akanksha Singh, Pramod Kumar, Jagriti Upadhyay, Lopamudra Satapathy, Joram Yari | Tuijin Jishu/Journal of Propulsion Technology | 1001-4055 |
| 33 | Shakespeare's Shadows: The Enigmatic Characters of the Bard | Vineeta Kaur Saluja, Mukul SK, Farhana Farooqi, Chiging Yamang, Amit Srivastav | Samdarshi | 2581-3986 |
| 34 | Smart Parking Innovative Vehicle Idea Using IOT | Love Kumar, Manoj Varshney | Journal of Harbin Engineering University | 1006-7043 |

# अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए मंगलायतन व जेएमएस ग्रुप के मध्य हुआ एमओयू



शैक्षणिक और अनुसंधान प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़ और जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हापुड़ ने एक सहमति पत्र (एमओयू) को औपचारिक रूप दिया है। समझौते का उद्देश्य संकाय और सूचना के आदान–प्रदान की सुविधा प्रदान करते हुए इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डा. किशन पाल सिंह ने बताया कि एमओयू के प्रावधानों के तहत शैक्षणिक पहल, प्रशासनिक सहयोग, प्लेसमेंट प्रयास, पेशेवर जुड़ाव और अनुसंधान के आदान–प्रदान सहित विभिन्न गतिविधियां शुरू की जाएंगी। यह समझौता अनुसंधान प्रयासों, परियोजना पर्यवेक्षण के लिए संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के आदान–प्रदान की सुविधा प्रदान करेगा। प्लेसमेंट, शैक्षणिक सेमिनार में सहयोगात्मक भागीदारी के साथ प्रकाशनों में भी सहयोग होगा। इस सहयोग से दोनों संस्थानों को महत्वपूर्ण लाभ होगा।

मंविवि के कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एमओयू पर हस्ताक्षर करना दोनों संस्थानों के बीच घनिष्ठ संबंधों, बेहतर सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने कहा कि शैक्षणिक और समाज की बेहतरी के लिए एमओयू दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा ने कहा कि दो संस्थानों के मध्य एमओयू ज्ञान के आदान–प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं साथ ही नवीन अनुसंधान पहल में सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

# महिला दिवस पर नारी शक्ति को किया गया सम्मानित



मंगलायतन विश्वविद्याल में विश्व महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय परिवार की नारी शक्ति ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत व गीत की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। मुख्य अतिथि डीवीपीए की विभागाध्यक्ष डा. पूनम रानी ने कहा कि हम महिलाएं वर्ष के प्रत्येक दिन अपने परिवार व समाज के लिए जीती हैं। महिला दिवस एक ऐसा दिन है जो सिर्फ हम अपने लिए जीती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विजया सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कार्य क्षेत्र में महिलाओं की एकता व सशक्तिकरण को बल मिलता है। बिन्नी गोपाल राजपूत, मैथिली शर्मा, डा. ममता रानी, डा. तलत, डा. उन्नति ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला समाज का अटूट अंग हैं जिनकी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। संचालन डा. नियति शर्मा ने किया। व्यवस्था में श्वेता भारद्वाज, याशिका गुप्ता का सहयोग रहा। सराहनीय योगदान और विशेष उपलब्धियों के लिए नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। वहीं विश्वविद्यालय की समाज सेवी संस्था कदम व राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाया गया। इस दौरान सशक्त एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपना अप्रतिम योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विषय ''महिलाओं में निवेश करें, राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें'' था। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. राजेश उपाध्याय, डा. पूनम रानी, डा. सोनी सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि अलीगढ़ की समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ स्वयं के लिए नहीं है हमें दूसरों को भी जागरूक करना होगा। संभागीय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी स्मिता सिंह ने महिलाओं से शिक्षित व सशक्त बनने का आह्वान किया। लव मित्तल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही कन्या छात्रवृति योजना की जानकारी दी।

# डा. पूनम रानी को मिला अमृता शेरगिल सम्मान



14.03.2024। मंगलायतन विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि विजुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट की विभागाध्यक्ष डा. पूनम रानी को उत्तर प्रदेश की उत्कर्ष ललित कला अकादमी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृता शेरगिल महिला कलाकार सम्मान– 2024 से सम्मानित किया गया। अकादमी ने देश भर से कला के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली 43 महिला कलाकारों का चयन किया था। अकादमी के अध्यक्ष कला भूषण डा. राजेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि यह अकादमी देश भर में कलाकारों के साथ मिलकर कला के विभिन्न विषयों पर कलात्मक आयोजनों को बढ़ावा देने में सदैव अग्रसर रही है।

## कार्यशाला में बनाए आकर्षक चित्र

एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन पुराना किला नई दिल्ली में रविवार को हुआ। आयोजन नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट एवं ललित कला अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से हुआ। इस एक दिवसीय चित्रकार कार्यशाला में मंगलायतन विश्वविद्यालय के शिक्षक डा. रामकृष्ण घोष, अजय सिंह राठौर व उदय सिंह कुशवाह ने 17 विद्यार्थियों सहित हिस्सा लिया।

**EDITORIAL BOARD :**

**Patron :** Prof. Parmendra Kumar Dashora, Vice Chancellor, **Chief Editor :** Dr. Santosh Kumar Gautam, **Associate Editor :** Ms. Manisha Upadhyay, Mr. Mayank Jain, **Advisory Board :** Brig Sumar Vir Singh (Retd) Registrar, Prof. Ravi kant, Prof. Rajeev Sharma, Prof. Yatendra Pal Singh, Prof. Abdul Wadood Siddiqui, Dr. Poonam Rani, Dr. Javed Wasim, **Sub Editor/Designing :** Mr. Yogesh Kaushik **Student Editor :** Abdul Kalam, Deepshikha, Gyanendra